2016

HINDI

(Major)

Paper : 5.5

(Hindi Ka Nibandh Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) सैमुअल जॉनसन के अनुसार निबंध किस प्रकार की रचना है?

(ख) अध्यापक पूर्णसिंह को किस प्रकार का निबंधकार माना जाता है?

(ग) महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित पठित निबंध का नाम क्या है?

(घ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की एक कृति का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) 'प्रिया नीलकंठी' किसकी रचना है?

(च) साहित्य का मूल धर्म क्या है?

(छ) रामधारी सिंह 'दिनकर' के पठित निबंध का मूल विषय क्या है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) 'निबंध' शब्द के तात्पर्य को स्पष्ट कीजिए।

(ख) हल चलाने वालों और भेड़ चराने वालों में क्या समानता होती है?

(ग) हमारी राष्ट्रीय एकता में प्रमुख बाधा लेखक ने किसे माना है?

(घ) विद्यानिवास मिश्र के निबंधों की दो विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) हिन्दी निबंध को कुबेरनाथ राय की देन का उल्लेख कीजिए।

(ख) रामचंद्र शुक्ल ने कविता की क्या परिभाषा दी है?

(ग) सरदार पूर्णसिंह के निबंध की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।

(घ) राहुल सांकृत्यायन की निबंध-शैली की विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) 'सावधानी की आवश्यकता' शीर्षक निबंध की पृष्ठभूमि क्या है?

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

भारतवर्ष की एकता उसकी विविधताओं में छिपी हुई है।

अथवा

साहित्यकार आज केवल कल्पना-विलासी बनकर नहीं रह सकता।

5. निबंध की परिभाषा देते हुए उसके तत्त्वों का सम्यक् विवेचन कीजिए। 10

अथवा

बालमुकुंद गुप्त की निबंध-शैली की विशेषताओं का आकलन कीजिए।

6. 'कवियों की ऊर्मिला विषयक उदासीनता' **अथवा** 'वसंत आ गया है' शीर्षक निबंध के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए। 10

★★★